23.04.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर समय 18.30
प्रादेशिक समाचार

○ राज्य में दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव का प्रचार कल शाम होगा समाप्त–सार्वजनिक सभा और जुलुस पर रहेगी रोक।

○ चुनाव प्रचार के लिए एक दिन शेष रहते स्टार प्रचारकों द्वारा धुआंधार प्रचार–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनियारा में और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भीनमाल में जनसभा को किया संबोधित।

○ हनुमान जन्मोत्सव पर आज प्रदेशभर में विभिन्न धार्मिक आयोजन–सालासर बालाजी धाम पर भर रहे मेले में देश के कोने कोने से पहुंच रहे है श्रद्धालु।

○ जयपुर, अलवर और भरतपुर जिलों में आज कहीं–कहीं बारिश की संभावना–आगामी दो–तीन दिनों में तापमान बढ़ने के आसार।

000

राज्य की 13 लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण का चुनाव प्रचार कल शाम समाप्त हो जायेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण में टोंक–सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बासंवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़–बारां में 26 अप्रैल को मतदान होगा। श्री गुप्ता ने बताया कि इन लोकसभा क्षेत्रों में कल शाम 6 बजे से मतदान समाप्ति अवधि 26 अप्रैल को शाम 6 बजे तक प्रचार पर प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि के दौरान कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस आयोजित नहीं हो सकेगा। सिनेमा, चलचित्र, टेलीविजन या अन्य साधनों द्वारा जनता के समक्ष निर्वाचन संबंधी प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान अंतरराज्यीय सीमाएं भी सील रहेंगी। प्रिंट मीडिया में राजनैतिक विज्ञापनों का प्रकाशन अधिप्रमाणन के बाद ही किया जा सकेगा। साथ ही ओपिनियन पोल या अन्य पोल सर्वे के प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा। एग्जिट पोल पर यह प्रतिबन्ध लोकसभा चुनाव के 7वें चरण के मतदान दिवस 1 जून को शाम साढे छः बजे तक जारी रहेगा।

0000

दूसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार का एक दिन शेष रहते सभी राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों द्वारा धुआंधार प्रचार किया जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज टोंक–सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में उनियारा में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि एक स्थिर और ईमानदार सरकार देश के विकास के लिए जरूरी है।
उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया में तेज़ी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है और पिछले दस साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज दोपहर में पाली के बाली में जनसभा को संबोधित किया। उनका सिरोही और डूंगरपुर में भी सभा का कार्यकम है। फिल्म अभिनेत्री और भाजपा नेता कंगना रानौत आज पाली में रोड शो में भाग ले रही है। उनका जोधपुर में भी रोड़ शो का कार्यकम हैं।
उधर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव जयराम रमेश ने आज उदयपुर में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले चरण के चुनाव में हालांकि मतदान प्रतिशत पूर्व के मुकाबले कम रहा है। लेकिन उन्हें उम्मीद है कि परिणाम पार्टी के लिए सकारात्मक रहेंगे।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भीनमाल के बागोडा में जनसाभा को संबोधित किया। उनका आज ही भीनमाल में रोड़ शो का भी कार्यक्रम है। जनसभाओं के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी मौजूद रहे। वे श्री गहलोत के साथ रोड शो में भी भाग लेंगे।
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पार्टी के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने खण्डार के बहरांवडा कलां में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

0000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण वाले निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी मतदाताओं से वोट डालने की अपील कर रहे है। चित्तौडगढ़ के जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने अपने संदेश के माध्यम से मतदाताओं को 26 अप्रैल को अवश्य मतदान करने के लिए प्रेरित किया है।

..................

वहीं बाडमेर पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र मीणा ने भी मतदाताओं से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर माकुल सुरक्षा व्यवस्था की गई है और किसी भी तरह की समस्या आने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस उसका तत्काल समाधान करेगी।

..................

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरुकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140—52368 पर भेज सकते हैं। अब हम इस संदेश श्रृंखला में गांव—ढाणी या मोहल्ले में एक साथ चार—पांच लोगों यानि समूह में भेजे गये संदेशों को भी शामिल कर रहे हैं।

..................

000

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज प्रदेशभर के मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे है। राजधानी जयपुर के हनुमान मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। खोले के हनुमान जी और पापड वाले हनुमान जी, मंदिर में विशेष आयोजन किये जा रहे है। अम्बाबाडी स्थित हनुमान मंदिर में आज सुबह पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद अखण्ड पाठ और सुंदरकाण्ड के आयोजन हुए। मंदिर में विभिन्न तरह की झांकियां सजाई गई है। शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम है। चूरू के सालासर बालाजी धाम पर मेला भर रहा है, जहां देश के विभिन्न भागों से श्रद्धालु पहुंचकर बालाजी के दर्शन कर पूजा अर्चना कर रहे है।

..................

उधर बूंदी में मालनबासी बालाजी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। अलवर में कैडलगंज से ध्वज यात्रा निकाली गयी, जिसमें लोगों ने बढ़—चढ़ कर भाग लिया। जैसलमेर में शोभायात्रा निकाली गयी, जिसमें सजे—धजे ऊंट आकर्षण का केन्द्र रहे। सांचौर जिले में गोलासन के हनुमान मंदिर में आज भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। सीकर के देवीपुरा बालाजी धाम में दो दिन से भजन कीर्तन के कार्यक्रम हो रहे हैं।
सीकर के विद्यालयों में विधार्थियों द्वारा हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई। सलुम्बर के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड रही। सराडा में विशेष पूजन और संत समागम का आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पवन पुत्र का समर्पण सभी राम भक्तों के लिए प्रेरणादायी है। श्री मोदी ने भगवान हनुमान के आशीर्वाद से विकसित भारत को नई ऊर्जा मिलने की कामना की है।

0000

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा है कि पचपदरा में बन रही रिफाइनरी का काम प्रगति पर है और जल्द ही पूरा होगा। रिफाइनरी के दौरे के बाद आज वापस जयपुर लौटे श्री पंत ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने कल पचपदरा में रिफाइनरी के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने एचपीसीएल के अधिकारियों के साथ चर्चा भी की। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है और ये जल्द ही पूरा हो जायेगा।

0000

नीमकाथाना जिले में पाटन थाना पुलिस की गाडी पर आज ओवरलोड ट्रेलर पलटने से तीन पुलिसकर्मियों की मृत्यु हो गई। ये हादसा पाटन की रामपुरा घाटी में हुआ। हादसे में पुलिस की गाडी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। मामले की जांच की जा रही है। उधर भरतपुर में बेरी गांव के पास ट्रेलर की टक्कर से ट्रेक्टर में सवार एक महिला की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गये। ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया।

बूंदी में गामछ पुलिया के पास एक मोटरसाईकिल सवार के अचानक ब्रेक लगाने से ट्रेलर में घुसने के कारण मृत्यु हो गई।

0000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार हालांकि अधिकांश भागों में तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया है। सबसे ज्यादा 39 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस तापमान बाडमेर में रहा। आगामी दो–तीन दिनों में ज्यादातर भागों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है। जोधपुर और कोटा संभाग में 25–26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। इस बीच आज जयपुर, अलवर और भरतपुर जिलों में बादल गरजने और तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।

000